The Institute of Chartered Financial Analysts of India University, Jharkhand

Press Release

रांची
11/04/2019

इकफ़ाई विश्वविद्यालय के खनन छात्रो का फर्स्ट एड प्रशिक्षण

इकफ़ाई विश्वविद्यालय, झारखंड में सेंट जॉन एम्बुलेंस एसोसिएशन के द्वारा बीटेक और डिप्लोमा के माइनिंग इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए फर्स्ट एड पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया।
खान सुरक्षा महानिदेशालय (DGMS) के नियमों के अनुसार, यह अनिवार्य है कि सभी खनन छात्रों को फ़र्स्ट-एड में प्रशिक्षित होना चाहिए तथा फ़र्स्ट-एड में सर्टिफ़िकेट होना चाहिए, ताकि प्रशिक्षित छात्र को डीजीएमएस बोर्ड ऑफ माइनिंग एग्जामिनेशन द्वारा, माइनिंग कंपनियों में किसी भी भर्ती के परीक्षा में बैठने की अनुमति मिल सके।

प्रशिक्षण में प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए, विश्वविद्यालय के विज्ञान और प्रौद्योगिकी संकाय के एसोसिएट डीन प्रो अरविंद कुमार ने कहा, "हमारे विश्वविद्यालय यह सुनिश्चित करता हैं कि सभी माइनिंग इंजीनियरिंग छात्रों को खानों में अनिवार्य ग्रीष्मकालीन इंटर्नशिप के माध्यम से खनन में आवश्यक कौशल प्रदान किया जाए।

फर्स्ट-एड मूल्यांकन परीक्षण के दौरान छात्रों को उनके प्रदर्शन के लिए बधाई देते हुए, खनन विभाग के पूर्व निदेशक, डीजीएमएस और एचओडी, प्रो उमेश कुमार शर्मा ने कहा, की "इकफ़ाई विश्वविद्यालय इस क्षेत्र का एकमात्र विश्वविद्यालय है, जिसने सबसे पहले इस तरह का प्रशिक्षण कार्यक्रम अपने छात्रों के लाभ के लिए आयोजित किया है। प्रो शर्मा ने कहा की हमारे विश्वविद्यालय ने गैस परीक्षण लेब की सुविधा भी स्थापित की है ताकि हमारे खनन छात्रों को गैस परीक्षण पर प्रशिक्षित किया जा सके और वे डीजीएमएस द्वारा संचालित गैस परीक्षण परीक्षा में उपस्थित हों, जो की खनन कंपनियों में नौकरी के लिए आवेदन करने के लिए भी आवश्यक है।"

======